2023-2024 Novavax COVID-19 टीका: आपको क्या जानना चाहिए

Novavax टीका क्या है?

Food and Drug Administration (FDA, खाद्य एवं औषधि प्रबंधन) द्वारा अधिकृत नवीनतम COVID-19 टीकों में सबसे नया है। यह टीका इस समय अमेरिका में उपलब्ध दूसरे COVID-19 के टीकों से अलग है। Novavax एक प्रोटीन सबयूनिट वाला टीका है और इसमें सबसे लंबे समय से इस्तेमाल हो रही उसी तकनीक का इस्तेमाल है जो कि एचपीवी, हेपेटाइटिस बी और फ्लू जैसे प्रचलित दूसरे टीकों में इस्तेमाल किया जाता है। जिन्हें पहले COVID-19 का टीका **नहीं** लगाया गया है, उन्हें 2-खुराक वाला Novavax टीका दिया जा सकता है जो 3 सप्ताह के अंतराल पर दिया जाता है। यह टीका 12 साल और उससे अधिक उम्र के लोगों के लिए उपलब्ध है।

Novavax एक पारंपरिक प्रोटीन सबयूनिट वाला टीका है।

जबकि सभी अधिकृत टीके हमारे शरीर की प्रतिरक्षा प्रणाली को COVID-19 के वायरस को पहचानने और उससे लड़ने में मदद करते हैं, वहीं Novavax, टीका बनाने की एक पुरानी और प्रचलित तकनीक का इस्तेमाल करता है।

- प्रोटीन सबयूनिट वाले COVID-19 टीकों में उस वायरस के टुकड़े (प्रोटीन) होते हैं जिनसे COVID-19 होता है।
- उनमें वसा और शर्करा के साथ एक एडिटिव भी होता है जिसका काम आपकी प्रतिरक्षा प्रणाली को वायरस से लड़ने और भविष्य में आपकी रक्षा करने में मदद करना होता है।
- उनमें mRNA नहीं होता।

Novavax के दुष्प्रभाव काफ़ी कम हैं।

Novavax के अस्थायी दुष्प्रभाव COVID-19 के दूसरे टीकों में देखे जाने वाले विशिष्ट दुष्प्रभावों से अलग नहीं है। इनमें दर्द, इंजेक्शन वाली जगह पर लाली और सूजन और साथ ही थकान, मांसपेशियों में दर्द, सिरदर्द, जोड़ों में दर्द, मतली/उल्टी और बुखार शामिल है। प्रोटीन सबयूनिट वाले COVID-19 टीकों से COVID-19 या दूसरी बीमारियां नहीं होती।

हमें क्या पता है?

एडजुवेंटेड (सहायक खुराक), Novavax टीके का 2023-2024 में अपडेट किया हुआ एक फॉर्मूला है जो इस समय फैले हुए वेरिएंट को लक्षित करता है और COVID-19 के गंभीर परिणामों के खिलाफ बेहतर सुरक्षा प्रदान करता है। हमने यह भी जाना कि Novavax:



- 2021 से कनाडा सहित कई दूसरे देशों में COVID-19 टीके के मूल फॉर्मूला का प्रभावी ढंग से इस्तेमाल किया जा रहा है।
- इसमें दूसरे टीको में इस्तेमाल की जाने वाली वो सामग्री नहीं हैं जिनसे एलर्जी होती है।
- Novavax जैसे सबयूनिट टीके किसी तरह के जीवित वायरस का इस्तेमाल नहीं करते हैं और यह हमारे जीन को ना ही बदलते हैं और ना प्रभावित करते हैं।

12 साल और उससे अधिक उम्र के वे लोग जिनकी प्रतिरक्षा प्रणाली थोड़ी या बहुत ज़्यादा कमजोर है, या जिनका टीकाकरण नहीं हुआ है, वे Novavax COVID-19 टीका लगवा सकते हैं। जिन लोगों को पहले कोई भी COVID-19 टीका लगा हो, वे अपनी आखिरी खुराक के कम से कम 2 महीने बाद Novavax (2023-2024 का सहायक फॉर्मूला) की 1 खुराक ले सकते हैं। कमजोर प्रतिरक्षा वाले लोगों के लिए 1 अतिरिक्त खुराक उपलब्ध हो सकती है।

टीकाकरण अब भी सबसे अच्छा विकल्प है।

2023-2024 में अपडेटेड COVID-19 टीकों में से किसी को भी एक दूसरे की तुलना में ज़्यादा प्राथमिकता नहीं दी जाती है। टीके के ब्रांड कोई भी हो, टीकाकरण ही आपके लिए COVID-19 और उसके प्रभावों से बचने का सबसे अच्छा तरीका है।अपने प्रदाता से बात करके पता लगाएं कि आपके लिए सबसे अच्छा विकल्प कौन सा है।

DOH 825-052 November 2023 Hindi
इस दस्तावेज़ का अनुरोध अलग प्रारूप में करने केलिए 1-800-525-0127 पर कॉल करें।बहरे या कम सुनने वाले गराहक, कृपया 711 (Washington Relay) पर कॉल करें या doh.information@doh.wa.gov पर ई-मेल करें